Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to government to make corrections in the ID proof of the peole living in Kishanganj.

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): थैंक यू सर । परसों मैं सुबह से लेकर आधी रात तक, आज भी दो बजे से अभी तक इंतजार करता रहा, अभी बोलने का मौका मिला, बहुत-बहुत शुक्रिया ।

मैं किशनगंज से आता हूँ, जहाँ 65 परसेंट से ज्यादा मुसलमान रहते हैं । उसमें से एक भी बंग्लादेशी नहीं है, न विदेशी है । वहां पर लगभग 10 लाख 80 हजार वोटर्स हैं, जिसमें से लगभग तीन लाख लोग अपने नाम में करैक्शन के लिए परेशान हैं, जो सरकारी तंत्र ने नाम गलत अंकित किया है । कहीं पर 'ए' के बदले 'ई' कर दिया है, कहीं पर एज फर्क कर दिया है, जिससे लोग परेशान हैं ।

परसों जो काला कानून यहाँ से पास हुआ है, जो अनकॉन्स्टीट्यूशनल है, एन्टी मुस्लिम है, इसकी वजह से बहुत परेशानी हुई है । मैं चाहता हूँ कि सरकार इस पर ध्यान दे । जितने भी हिन्दुस्तानी हैं, जो सब हैं वहां पर, सब के नाम करैक्शन कराएं, ताकि उनको किसी तरह की तकलीफ न हो । बहुत-बहुत शुक्रिया ।

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): धन्यवाद सर । मैं आधा मिनट ज्यादा समय लूँगा, क्योंकि परसों मैं अपनी बात पूरी नहीं रख पाया था ।

HON. CHAIRPERSON : We have limited all ubmissions to one minute.